कार्यालय, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या– 08 /10/ई–2/2025–26
प्रयागराजः दिनांक 07 मार्च, 2026

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग के विज्ञापन संख्या ए–3/ई–1/2025 दिनांक 03–06–2025 के अन्तर्गत विज्ञापित **स्टाफ नर्स यूनानी (पुरूष/महिला) (प्रा0) परीक्षा–2025, दिनांक 17 मार्च, 2026 (मंगलवार) को एक सत्र में (पूर्वाह्न 09:30 बजे से 11:30 बजे तक) लखनऊ जनपद स्थित आयोग के परीक्षा भवन (भूतल एवं प्रथम तल) में** आयोजित की जानी है।

02–प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के **प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक–09.03.2026 से उपलब्ध रहेगा।** अभ्यर्थी अपने ओ0टी0आर0 नम्बर के द्वारा प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, **प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई0डी0प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति अनिवार्य रूप से लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा कक्ष में अन्तरीक्षक को आई0डी0प्रूफ0 की एक छाया प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 01 घण्टा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 45 मिनट पहले प्रवेश बन्द कर दिया जाएगा।**

03– उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–8, सन् 2024) दिनांक 06 अगस्त, 2024 को प्रकाशित किया गया है। उक्त अधिनियम में प्राविधानित है कि ''परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड्यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं, जो इस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय हैं। ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा, दोनों ही हो सकती है।''

(ओंकार नाथ सिंह)
अनुसचिव।